


**नवभारत**
भोपाल, रविवार, 24 मई 2026


# धरातल पर उतरे कलेक्टर, मास्टर प्लान बनाने के निर्देश

**व्यापारियों से मंडी को व्यवस्थित करने मांगे सुझाव**

**महिला बोली इलाके में नहीं है महिला शौचालय**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ।**
**अक्सर एसी कमरों और एसी गाड़ियों में सफर करके अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन करते दिखाई देते हैं, परन्तु टीकमगढ़ जिले में 45 पार तापमान के बीच कलेक्टर धरातल पर उतरकर लोगों की समस्याएं सुनते दिखाई दे रहे हैं। शहर की नजाई मंडी को लेकर की गई फेसबुक पोस्ट को आधार मानकर कलेक्टर नजाई मंडी पहुंचे और वहां विकास कार्य का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए।**

दरअसल शहर के समाजसेवी हर्षेश सोनी ने बीते दिनों अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट करके यह लिखा था कि कुछ बड़े व्यापारी पूरी मंडी पर कब्जा करके बैठे हैं और गरीबों को जगह नहीं मिल रही। फिर क्या था कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय शनिवार को सीधे इस इलाके को देखने पहुंच गए। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस



दौरान उन्होंने फुटकर गल्ला मंडी के दुकानदारों से भी चर्चा की और आसपास के व्यापारियों से सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने के लिए सुझाव मांगे।

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को सब्जी मंडी परिसर का मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेताओं के लिए पर्याप्त छायादार टीनशेड, पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था की जाए। साथ ही, मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर लगने वाले फलों के ठेलों और ग्राहकों के लिए वाहन पार्किंग के इंतजाम




करने को भी कहा। दरअसल, मंडी में वर्तमान में चार टीनशेड बने हैं, जिनमें से दो पर बड़े सब्जी विक्रेताओं का कब्जा है। ये विक्रेता अपने ठेले, बकरियां और अन्य सामान रखकर जगह घेर लेते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छोटे सब्जी विक्रेताओं को धूप में बैठने पर मजबूर होना पड़ता है।

### टीन शेड की समस्या को लेकर शिकायत

ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं ने शिकायत की कि बड़े दुकानदार उन्हें टीनशेड में नहीं बैठने देते, जिसके कारण उन्हें 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में धूप में बैठकर सब्जियां बेचनी पड़ती हैं। एक महिला सब्जी विक्रेता ने शौचालय न होने की भी शिकायत दर्ज कराई। इस समस्या को लेकर एक दिन पहले समाजसेवी हर्षेश सोनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। लोगों की शिकायतों के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तत्काल समस्या का निराकरण करने के लिए सीएमओ ओमपाल भदौरिया को निर्देश दिए उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में यह समस्या अब नहीं आनी चाहिए। इसका निदान किया जाए।

### मास्टर प्लान बनाकर व्यवस्थित करने के निर्देश

लोगों की शिकायतें और सुझाव सुनने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका सीएमओ ओमपाल भदौरियो एवं प्रभारी प्रशासक अंजली शर्मा को मास्टर प्लान बनाकर दुकानदारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने बताया कि नगर पालिका में सब्जी मंडी के विकास के लिए प्रस्ताव पास हो चुका है और राशि भी जारी हो चुकी है। जल्द ही मास्टर प्लान के साथ निर्माण कार्य शुरू कराए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता सत्येंद्र ठगन, राहुल जैन, कांग्रेस नेता भरत सोनी सहित स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। सभी से कलेक्टर ने बात कर यहां की जानकारी ली ।

### समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर डाली थी पोस्ट

मंडी की समस्या को लेकर एक दिन पहले समाजसेवी हर्षेश सोनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी। इससे पहले भाजपा पार्षद एवं नपा के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे भी नगर पालिका की बैठकों में यह मुद्दा कई बार उठा चुके हैं। लोगों की शिकायतों के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया और प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा नपा टीम के साथ सब्जी मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। लोगों ने बताया कि सब्जी मंडी परिसर में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। जबकि हर दिन सैकड़ों की संख्या में लोग यहां आते हैं जिन्हें इस परेशानी का जमकर सामना करना पड़ता है।

## एक नजर में

### जनगणना प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिले में जनगणना-2027 के प्रारंभिक चरण के अंतर्गत 30 मई 2026 तक मकानों की गणना एवं मकानों के सूचीकरण का कार्य लगातार जारी है। आमजन को जनगणना के प्रति जागरूक करने और आवश्यक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने आज स्थानीय सर्किट हाउस से जनगणना प्रचार रथ एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि यह प्रचार रथ जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पहुंचकर जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा तथा लोगों को जनगणना कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों के सूचीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है और निर्धारित समयसीमा के पूर्व ही जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा चुकी है तथा सभी प्रगणक और संबंधित अधिकारी पूरी सक्रियता के साथ कार्य में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा के प्रशिक्षण पर कांग्रेस का निशाना



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने इसे पूल पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रधानमंत्री की नसीहतों को नजर अंदाज कर रहे हैं। साहू ने यह बयान शनिवार को जारी किया, जबकि भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग 21 मई को संपन्न हो गया था।**

जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री जनता को खर्चों में कमी लाने की सलाह दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता तीन सितारा होटल में प्रशिक्षण के नाम पर पूल पार्टी और गाना बजाना कर रहे हैं। उन्होंने बढ़ती महंगाई और बिजली संकट के बीच भाजपा नेताओं की कथित स्विमिंग पूल पार्टी पर सवाल उठाए। टीकमगढ़ के एक तीन सितारा होटल में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर साहू ने कहा कि यह प्रशिक्षण कम और स्विमिंग पूल पार्टी ज्यादा नजर आया। उनके अनुसार, दिन में बैठकें होती थीं और उसके बाद भाजपा नेता स्विमिंग पूल में आनंद लेते दिखाई दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता को पेट्रोल-डीजल बचाने, संसाधनों का कम उपयोग करने और संयम बरतने की सलाह का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की जीवनशैली इसके विपरीत है। साहू ने आगे कहा, देश में जब भी कोई संकट आता है तो जनता को नसीहत दी जाती है कि ऐसा करो, वैसा मत करो। पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की बात कही जाती है।

# विद्युत विभाग की गड़बड़ी से लाखों के पाइप जलकर खाक



**नवभारत न्यूज, जतारा।**
**विद्युत विभाग की लापरवाही लगातार भारी पड़ती नजर आ रही है। विगत 12 मई को 11 हजार वोल्ट की लाइन में लगे इंसुलेटर टूटने से जमीन पर करंट फैल गया था, जिसकी चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई थी। वहीं अब उसी स्थान पर दोबारा 11 केवी लाइन में फाल्ट होने से पेड़ की छांव में रखे करीब 3 से 4 लाख रुपये कीमत के पाइप जलकर खाक हो गए।**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अचानक 11 केवी लाइन में फाल्ट हुआ, जिससे नीचे रखे पाइपों में आग लग गई और देखते ही देखते पाइप धू-धू कर जलने लगे। बताया गया कि जले हुए पाइप एलएनटी कंपनी के ठेकेदार के थे। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये का सामान नष्ट हो चुका था। पीड़ित लक्ष्मी यादव ने बताया कि क्षेत्र में आए दिन बिजली लाइन में फाल्ट की समस्या बनी रहती है। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पहले भैंस की जान गई और अब लाखों रुपये का नुकसान हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ी जनहानि भी हो सकती है। घटना के बाद लोगों में विद्युत विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।**

ऑनलाइन काउंसलिंग समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई तक ऑनलाइन पंजीयन कर प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय में वर्तमान में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी एवं तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# टंकी में डूबने से एक वर्ष के बच्चे की मौत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**बड़ागांव धसान नगर परिषद के वार्ड नंबर 15 में शनिवार को एक वर्षीय मासूम की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। बच्चा घर के बाहर खेलते समय हौदी में गिर गया था।**

जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र लोधी का एक वर्ष एक माह का बेटा दक्ष घर के बाहर खेल रहा था। परिवार के सदस्य घर के कामों में व्यस्त थे और बच्चे पर ध्यान नहीं दे पाए। इसी दौरान दक्ष खेलते-खेलते घर के बाहर बनी पानी से भरी हौदी के पास पहुंच गया और उसमें गिर गया।जब



परिवार का एक सदस्य पानी लेने के लिए हौदी के पास गया, तो दक्ष का शव पानी में देखा। परिजन तुरंत बच्चे को बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बच्चे के दादा गोविंद लोधी ने बताया कि घटना के दिन परिवार माता पूजन की तैयारी में था। बच्चे की मां प्रसाद बनाने में व्यस्त थी, जबकि घर के अन्य सदस्य अपने-अपने कामों में लगे थे। इस दौरान किसी का ध्यान दक्ष पर नहीं गया।

### 7 माह के बच्चे का सफल उपचार

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्र आरबीएसके के अंतर्गत जिले में जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनका निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। इसीक्रम में विकासखंड बल्देवगढ़ के ग्राम चंदपुरा निवासी जसोदा पति दयालु कुशवाहा के 7 माह के बच्चे का सफ्लतापूर्वक उपचार कराया गया।**

बच्चा जन्मजात कटे होंठ क्लेफ्ट लिप की समस्या से ग्रसित था। आरबीएसके टीम के डॉ. राहुल सेन एवं रागिनी श्रीवास्तव द्वारा आंगनबाड़ी भ्रमण के दौरान बच्चे की पहचान की गई तथा उसे उपचार हेतु चिन्हांकित किया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक डीपीएम जागृति त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में बच्चे को उपचार हेतु भोपाल रेफर किया गया।

# भीषण गर्मी के प्रकोप से लोग दिख रहे परेशान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह 10 बजे ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।**

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को 19प्रतिशत आर्द्रता रहने और 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। अगले 5 से 6 दिनों तक अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आगामी शुक्रवार से तापमान में कुछ कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया था। बुधवार को यह 44.8 डिग्री और गुरुवार



को 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुबह से शाम तक तेज धूप और गर्म हवाएं चल रही हैं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। दोपहर 12 बजे के आसपास मोबाइल पर हीटवेव का अलर्ट भी बजने लगता है।फिलहाल, अगले एक सप्ताह तक गर्मी से कोई खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। शनिवार दोपहर 2 बजे तक अधिकतम तापमान एक बार फिर 44 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंचने का अनुमान है।भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह 10 बजे ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

# खरगापुर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार लगातार जारी

**दुकानों पर निर्धारित दामों से अधिक में बेची जा रही शराब**

**ग्रामीणों ने अवैध सप्लाई के खिलाफ चाही कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज, खरगापुर।**
**खरगापुर-कुड़ीला क्षेत्र में संचालित शराब दुकान एक बार फिर विवादों में घिर गई है। स्थानीय ग्रामीणों एवं उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि शराब दुकान से ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब परोसी और सप्लाई की जा रही है। साथ ही निर्धारित मूल्य से अधिक दामों में शराब बेचने तथा तय समय सीमा से अधिक समय तक दुकान संचालित किए जाने के गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।**

ग्रामीणों का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा शराब दुकानों के संचालन के लिए समय




निर्धारित किया गया है, लेकिन खरगापुर-कुड़ीला शराब दुकान पर नियमों का पालन नहीं हो रहा। आरोप है कि दुकान सुबह लगभग 6 बजे से ही खुल जाती है और देर रात 12 बजे तक संचालित रहती है। इससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ रहा है और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।रेट सूची लगी, फिर भी वसूले जा रहे अधिक पैसे स्थानीय लोगों ने बताया कि दुकान पर रेट सूची तो लगाई गई है, लेकिन उस सूची का पालन नहीं किया जा रहा। ग्राहकों से शराब की बोतलों पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शराब की प्रत्येक बोतल पर अतिरिक्त राशि ली जाती है और विरोध करने पर कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। ग्रामीणों का कहना है कि यह ओवररेटिंग लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रवासियों के अनुसार शराब दुकान से जुड़े कुछ लोग आसपास के गांवों में भी शराब पहुंचा रहे हैं, जहां चोरी-छिपे शराब परोसी जा रही है। इससे गांवों में नशाखोरी बढ़ रही है और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद टीकमगढ़ आवकारी विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि नियमों की खुलेआम अनदेखी के बावजूद विभाग का मौन रहना कई सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों एवं सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन और आवकारी विभाग से मांग की है कि शराब दुकान के संचालन समय ओवररेटिंग और अवैध सप्लाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**श्रमदान** | **जल गंगा संवर्धन के तहत श्रमदान अभियान**

# तालाब में श्रमदान कर लिया विरासत के संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।**
**प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत शनिवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत दरगाय खुर्द में स्थित तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोहनगढ़ तहसीलदार सावंत सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।**

इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रभावी अभियान चलाए जा



रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण ही नहीं, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थल पर श्रमदान करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है और यह केवल श्रमदान नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प है। तहसीलदार ने कहा कि हर जल स्त्रोत हमारे लिए मां गंगा के समान है, इसलिए इनकी सेवा और संरक्षण श्रद्धा के साथ किया जाना चाहिए। जल है तो जीवन है केवल एक संदेश नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था जब गांवों में कुओं से सहज रूप से पर्याप्त जल उपलब्ध हो जाता था, लेकिन आज जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई स्थानों पर 100 फीट से अधिक गहराई में भी पानी नहीं मिल रहा। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि हम अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का गंभीर सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समाज के छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव की नींव बनते हैं और जनभागीदारी से ही ऐसे अभियान सफल होते हैं। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार ने उपस्थित जनसमूह को जनगणना की शपथ भी दिलाई और सभी से जनगणना कार्य में सही एवं पूर्ण जानकारी देकर सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत शनिवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत दरगाय खुर्द में स्थित तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

शनिवार को जतारा जनपद की ग्राम पंचायत दरगांय खुर्द में स्थित तालाब में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोहनगढ़ तहसीलदार सावंत सिंह के श्रमदान कार्यक्रम में दरगांय खुर्द सरपंच श्रीमती विमला केवट, सरपंच प्रतिनिधि संतोष केवट, ग्राम पंचायत सचिव शेख सगीर, रोजगार सहायक राकेश केवट के साथ ग्रामवासी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार ने सभी को जल सरंक्षण महत्व को बताया ।

### मेलों में जाकर हो रही काउंसलिंग

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग योजनान्तर्गत शिक्षित वेरोजगार आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस हेतु जिला के हाईस्कूल, हायरसेकेण्डरी विद्यालयों, तकनीकि शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं युवासंगम अंतर्गत रोजगार मेलों में जाकर काउंसलिंग कार्य किया जाना है।**

इस हेतु सत्र 2026-27 हेतु कार्यालय को अनुभवी गेस्ट मनोवैज्ञानिक व विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। ताकि समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम, सत्रों को संचालित किया जा सकें। यह किसी प्रकार का जॉब नहीं है, इसमें आवश्यकतानुसार काउंसिलिंग कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा। मनोवैज्ञानिक हेतु अनिवार्य योग्यता होनी चाहिए।

# महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंचेंगी लोगों तक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिलेवासियों को शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय जानकारी त्वरित मिले, इस उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा बनाये गये जिला जनसंपर्क टीकमगढ़ के आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल को फॉलो किया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी अधिक से अधिक संख्या में चैनल से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं प्रमाणिक जानकारियां सीधे नागरिकों के मोबाइल तक पहुंच सकेंगी, जिससे आमजन को समय पर सही जानकारी प्राप्त होगी।**

इस दौरान उन्होंने कहा कि चैनल की विशेषता यह है कि यहां केवल आधिकारिक एवं प्रमाणिक जानकारी साझा की जाएगी, जिससे नागरिक फेक न्यूज एवं भ्रामक खबरों से सुरक्षित रह सकेंगे। विदित हो कि जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रत्येक जिले का आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल तैयार कराया गया है, ताकि सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक गतिविधियों एवं जनहितकारी सूचनाओं का त्वरित प्रसार किया जा सके। इस चौनल के माध्यम से जिले की प्रमुख प्रशासनिक गतिविधियां, शासकीय आदेश, जनहितकारी योजनाएं, भर्ती संबंधी सूचनाएं, अभियान, उपलब्धियां एवं अन्य महत्वपूर्ण अपडेट सीधे आमजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण एवं प्रमाणिक जानकारियां सीधे नागरिकों के मोबाइल तक पहुंच सकेंगी, जिससे आमजन को समय पर सही जानकारी प्राप्त होगी। विदित हो कि जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रत्येक जिले का आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल तैयार कराया गया है।